# यूपी में निवेश करेंगी सिंगापुर की कंपनियां

राब्यू, जागरण, लखनऊ: सिंगापुर की कई कंपनियों ने उत्तर प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की इच्छा जताई है। इस संदर्भ में भारत में सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वोंग ने शुक्रवार को इन्वेस्ट यूपी के कार्यालय का दौरा किया। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त (आइआइडीसी) दीपक कुमार व इन्वेस्ट यूपी के अधिकारियों के साथ बैठक में उन्होंने कहा कि सिंगापुर की कंपनियां डाटा सेंटर, एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, फूड प्रोसेसिंग और जेवर के पास लिथियम-आयन बैटरी की इकाइयों की स्थापना की इच्छुक हैं।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की बेहतर कनेक्टिविटी और अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की सुविधाओं को लेकर सिंगापुर की कंपनियां यहां निवेश करना चाह रही हैं। कई कंपनियों ने दूतावास के जरिये निवेश की संभावनाएं भी तलाशनी शुरू कर दी हैं। जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा सिंगापुर के निवेशकों को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। आइआइडीसी ने उच्चायुक्त को आश्वस्त किया कि उत्तर प्रदेश सरकार सिंगापुर से होने वाले निवेश को बढ़ावा देने और इसे सुगम बनाने के लिए हर संभव सहयोग देगी। उन्होंने यह भी अनुरोध किया कि सिंगापुर उच्चायोग उत्तर प्रदेश के कुशल और प्रतिभाशाली युवाओं को उनके देश में रोजगार अवसर प्रदान करने में सहयोग करे। इस बैठक में इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय किरण आनंद आदि थे।